impact
www.impactmeasurement.co.in

Date : 25-Mar-2010 Edition : Delhi Page No.: 2 Page Name: Delhi Size: 631.64 sq. cm

Sector: Others Circulation: 399018 AVE: INR 480045.09 Frequency: Daily

Publication: Navbharat Times Title: Yauman says- Thanks Delhi

NBT
नवभारत टाइम्स

'मेरी दिल्ली मेरी यमुना' कैंपेन खत्म, लेकिन सफाई की मुहिम जारी रखेंगे वॉलंटियर्स

यमुना बोली – थैंक्स दिल्ली, चमके आठों घाट

शिल्पी शर्मा ॥ नई दिल्ली

बुधवार सुबह ओखला के धोबी घाट का नजारा कुछ आईटीओ घाट जैसा ही था। 'मेरी दिल्ली मेरी यमुना' कैंपेन के आखिरी दिन भी बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हुए और यमुना की सफाई की। पहले दिन जैसा ही जोश और उत्साह आखिरी दिन भी लोगों में बरकरार था। कई एनजीओ और कॉरपोरेट जगत के लोग भी इस काम में हाथ बटाने के लिए आगे आए और अपना पूरा सहयोग दिया।

आर्ट ऑफ लिविंग के नॉर्थ एरिया की इंचार्ज रश्मि पालीवाल ने बताया कि इस मुहिम को आगे बढ़ाने के लिए 7 अप्रैल को हेल्थ वॉक होगी। इसके बाद 22 अप्रैल को वर्ल्ड अर्थ डे पर एक इंटर स्कूल पेंटिंग कॉम्पिटिशन का भी आयोजन किया गया है। जुलाई में स्कूलों में डिबेट और अगस्त में कॉलेज में कॉम्पिटिशन होंगे। सितंबर में पूरी दिल्ली की सफाई के लिए 'क्लीन दिल्ली' नाम का इवेंट किया जाएगा। यमुना की सफाई के साथ-साथ लोगों में जागरूकता जगाने के लिए ओखला धोबी घाट पर नुक्कड़ नाटकों का भी आयोजन किया गया। धोबी घाट की बस्ती में रहने वाले लोगों का मुफ्त चेकअप और अच्छे स्वास्थ्य के टिप्स देने के लिए डॉक्टरों के कैंप भी लगाए गए थे। बस्ती के बच्चों के लिए पेंटिंग कॉम्पिटिशन का भी आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने पूरे उत्साह से हिस्सा लिया।

Meri Dilli Meri Yamuna
Let's Move Together
आर्ट ऑफ लिविंग और टाइम्स ऑफ इंडिया की साझी पहल

लिविंग की मीडिया को-ऑर्डिनेटर संगीता आनंद ने बताया कि इस घाट की सफाई का काम पिछले 10-12 दिन से चल रहा है, तभी आज यहां खड़ा हो पाना संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि यह घाट इतना गंदा था कि यहां सांस भी लेना मुश्किल था। यह वॉलंटियर्स की मेहनत का नतीजा है कि आज हम यहां खड़े हो सकते हैं। वॉलंटियर करुणा ने कहा कि इस मुहिम का मकसद सिर्फ एक दिन के लिए यमुना साफ करना नहीं बल्कि लोगों को उसकी सफाई के प्रति जागरूक करना भी है।

घाट पर सफाई कर रही 10 वीं क्लास में पढ़ने वाली आरुषि का कहना है कि यह हमारी नदी है और अगर आज हमने इसे साफ नहीं किया तो शायद भविष्य में यह जिंदा ही न बचे। आरुषि के साथ उनकी 11 साल की बहन श्रुति भी सफाई में जुटी थी। श्रुति ने कहा कि ऐसे

Photos: Naresh Sharma

कैंपेन के आखिरी दिन भी वॉलंटियर्स में पहले दिन जैसा जोश

हमारी नदी, हमारी जिम्मेदारी

पहले यह घाट इतना गंदा था कि यहां खड़ा होना मुश्किल था। यह कैंपेन देश के लोगों को जागरूक करने की एक अच्छी कोशिश है। दिल्ली देश की राजधानी है और दूसरे शहरों में रहने वाले लोगों को भी इस कैंपेन से सीख लेनी चाहिए। –सुबल अहमद

लोगों को यमुना नदी में कचरा नहीं फेंकना चाहिए। यह हमारी नदी है और हमें अपनी जिम्मेदारी समझकर इसे साफ रखना चाहिए। एक दिन की सफाई से कुछ नहीं होगा हम सबको मिलकर लोगों को जागरूक करना होगा। –रश्मि

इस तरह के कामों के लिए हम किसी हीरो के सामने आने का इंतजार क्यों करते है? इस देश के यूथ होने के नाते हमें अपनी जिम्मेदारी को समझकर उसे पूरा करने के लिए आगे आना चाहिए। –नेहा

इस कैंपेन से प्रभावित होकर काफी लोग सामने आ रहे हैं और इसे सफल बना रहे हैं। इस कैंपेन का मकसद लोगों को जागरूक करना है और उन्हें अपनी जिम्मेदारी का एहसास दिलाना है। –अंकित

© Navbharat Times